पंजाब केसरी
SAT,07 MARCH 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 3

# शिमला के पोर्टमोर स्कूल पहुंचे शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



शिमला : पोर्टमोर स्कूल में बोर्ड परीक्षा के दौरान परीक्षा हाल में निरीक्षण के बाद शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष राजेश शर्मा व स्कूल का स्टाफ संयुक्त चित्र में। (नरेश)

धर्मशाला, 6 मार्च (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बोर्ड परीक्षाओं के दौरान शिमला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोर्टमोर स्थित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए यह सुनिश्चित किया कि परीक्षाएं शांतिपूर्ण, पारदर्शी और अनुशासित वातावरण में संचालित हो रही हैं।

निरीक्षण के दौरान बोर्ड अध्यक्ष ने विभिन्न परीक्षा कक्षों का अवलोकन किया और विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देते हुए देखा। उन्होंने परीक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और शिक्षकों से भी बातचीत की तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। इस अवसर पर डॉ. राजेश शर्मा ने परीक्षा केंद्र में उपस्थित विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों से भी मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा बोर्ड सभी विद्यार्थियों को समान अवसर देने और उनकी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को पारदर्शी, निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

Dainik Jagran 07-03-2026

# शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष ने पोर्टमोर परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**जागरण संवाद केंद्र, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने शिमला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोर्टमोर स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्र में व्यवस्था का जायजा लिया। बोर्ड अध्यक्ष ने विभिन्न परीक्षा कक्षों का अवलोकन किया और विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देते हुए देखा। उन्होंने परीक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और शिक्षकों से बातचीत की तथा उन्हें आवश्यक दिशानिर्देश दिए। डा. राजेश शर्मा ने परीक्षा केंद्र में उपस्थित विशेष आवश्यकता वाले ( चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड्स) विद्यार्थियों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। कहा, शिक्षा बोर्ड सभी विद्यार्थियों को समान अवसर देने और उनकी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के लिए प्रतिबद्ध है।



डा. राजेश पोर्टमोर स्कूल में स्थित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण करते ● सौ. बोर्ड

## हमीरपुर में 10वीं की परीक्षा में पकड़े दो नकलची

**जागरण संवाद केंद्र, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से संचालित की जा रही परीक्षाओं के तहत शुक्रवार को जमा दो की लोक प्रशासन और दसवीं कक्षा की हिंदी विषय की परीक्षा हुई। इस दौरान हमीरपुर जिले में नकल के दो मामले पकड़े गए। दोनों मामले 10वीं कक्षा के हैं। वीरवार को अंग्रेजी विषय की परीक्षा के दौरान फ्लाइंग स्क्वाड ने नकल के 12 मामले पकड़े थे। मंगलवार को दो मामले नकल के पकड़े थे। अब तक 16 मामले दोनों कक्षाओं में पकड़े जा चुके हैं।

Hindustan Times 07-03-2026

# Over 2L students appear for state board exams; focus on digitisation

HT Correspondent
letterschd@hindustantimes.com

**SHIMLA:** More than two lakh students are appearing in the ongoing Class 10 and Class 12 examinations conducted by the Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) across the state.

HPBOSE chairperson Dr Rajesh Sharma shared the details on Friday while reviewing examination arrangements during his visit to several centres, including the historic Portmore Girls Senior Secondary School in Shimla.

He said the board has established nearly 2,800 examination centres across Himachal Pradesh to ensure that students can appear for the exams even in areas with a small number of candidates.

"The board examinations play a crucial role in every student's life as their future career often depends on this stage. Around two lakh students are taking the exams across the state and nearly 2,800 centres have been set up. Even in areas where the number of students is low, we have ensured that every child gets the opportunity to sit for the examination," Sharma said.

He added that the board has introduced live streaming from examination centres for the first time this year to strengthen monitoring.

"Earlier we used to receive only video recordings, but now centres are being monitored through live streaming. I wanted to personally assess how successful this initiative has been," he said.

During his visit, Sharma also noted that separate classrooms had been arranged for differently-abled students to help them write the exams comfortably.

"The board's aim is to ensure that every talented student gets a fair opportunity and that merit is not affected by unfair means or copying," he said.

Highlighting the board's push towards digitisation, Sharma said students no longer need to visit the board office to obtain certificates.

"Whether it is a Class 8 or Class 10 certificate, students can now download it online after completing the required process. This is a major step towards making services more accessible and transparent," he said.

He added that the board is also planning to establish career counselling centres and a high-tech space lab in Dharamshala, possibly with support from corporate social responsibility (CSR) initiatives.

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं का जायजा लेने खुद फील्ड में उतरे बोर्ड अध्यक्ष

## शिमला के पोर्टमोर स्कूल का किया औचिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

- परीक्षा कक्षों का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से की बातचीत, प्रिंसिपल और केंद्र अधीक्षक ली विस्तृत जानकारी
- परीक्षा संचालन व्यवस्था से संतुष्ट नजर आए अध्यक्ष, कहा– अन्य परीक्षा केंद्रों के लिए है अच्छा उदाहरण



सवेरा ब्यूरो

शिमला, 6 मार्च : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं की वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं। प्रदेशभर में करीब दो लाख नियमित और एसओएस श्रेणी के परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इसके लिए 2,384 परीक्षा केंद्र स्थापित किए हैं।

वहीं परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए विशेष व्यवस्थाओं के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष खुद फिल्ड में उतरे है। शुक्रवार अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने शिमला के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोर्टमोर में चल रही बोर्ड परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। ये विषेष मौके रहा जब खुद बोर्ड अध्यक्ष फिल्ड में उतरे है और स्कूल का औचिक निरीक्षण किया है।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत जानकारी ली और खुद परीक्षा कक्षां में जा कर अवलोकन किया और विद्यालय में चल रही परीक्षा प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त किया। बता दें कि शुक्रवार को कक्षा 10वीं का हिंदी विषय का पेपर था। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देश को सही ढंग से लागू किए जाने का भी अवलोकन किया। साथ ही इसे बारे प्रिंसिपल राखी पंडित और केंद्र अधीक्षक रमेश रनौत से विस्तृत जानकारी ली। यही नहीं बोर्ड अध्यक्ष परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया, विद्यार्थियों से बातचीत की और व्यवस्थाओं को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया, विद्यार्थियों से बातचीत की और व्यवस्थाओं को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

निरीक्षण के उपरांत बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि बोर्ड की 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं चल रही है। इस परीक्षाओं का औचक निरीक्षण मैं खुद कर रहा हूं, जिसकी शुरुआत राजधानी षिमला के पोटमोर्र स्कूल से गई है जिसके बाद प्रदेश के अन्य जिलो के स्कूलों का भी औचिक निरीक्षण किया जाएगा। पोर्टमोर विद्यालय में परीक्षा का संचालन अत्यंत सुव्यवस्थित और पारदर्शी ढंग से किया जा रहा है, जो अन्य परीक्षा केंद्रों के लिए भी एक अच्छा उदाहरण है। उन्होंने विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की तथा विद्यार्थियों को ईमानदारी और लगन के साथ परीक्षा देने के लिए प्रोत्साहित किया। परीक्षा के संचालन में ड्यूटी पर तैनात शिक्षकों द्वारा पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ कार्य किया जा रहा था।

बता दें कि इस बार बोर्ड प्रबंधन ने नकल रोकने के लिए विषेष सुरक्षा व्यवस्था की है। परीक्षाएं सात स्तर की कड़ी निगरानी में कराई जाएंगी। इससे किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बोर्ड मुख्यालय से सीसीटीवी से ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। इसके लिए विशेष मॉनीटरिंग कक्ष तैयार किया गया है, जहां एलईडी स्क्रीन से सभी परीक्षा केंद्रों पर नजर रखी जा रही है। प्रत्येक केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से सक्रिय है। इसके अलावा केंद्र अधीक्षक और उप-अधीक्षक परीक्षा हॉल में सतत निगरानी रख रहे है। बोर्ड की ओर से विशेष उड़नदस्तों का गठन किया गया है, जो औचक निरीक्षण कर रहे है। वहीं शिक्षा विभाग के अधिकारी, एसडीएम और उपनिदेशक स्तर तक के अधिकारी भी फ्लाइंग स्क्वायड से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं।

# पोर्टमोर परीक्षा केंद्र का बोर्ड अध्यक्ष ने किया निरीक्षण, विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह



धर्मशाला, (आपका फैसला)। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बोर्ड परीक्षाओं के दौरान शिमला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोर्टमोर स्थित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए यह सुनिश्चित किया कि परीक्षाएं शांतिपूर्ण, पारदर्शी और अनुशासित वातावरण में संचालित हो रही हैं। निरीक्षण के दौरान बोर्ड अध्यक्ष ने विभिन्न परीक्षा कक्षों का अवलोकन किया और विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देते हुए देखा। उन्होंने परीक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और शिक्षकों से भी बातचीत की तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। इस अवसर पर डॉ. राजेश शर्मा ने परीक्षा केंद्र में उपस्थित विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों से भी मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा बोर्ड सभी विद्यार्थियों को समान अवसर देने और उनकी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को पारदर्शी, निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि विद्यार्थी बिना किसी दबाव के शांतिपूर्ण वातावरण में अपनी परीक्षा दे सकें।

# पोर्टमोर परीक्षा केंद्र का बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बोर्ड परीक्षाओं के दौरान शिमला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोर्टमोर स्थित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए यह सुनिश्चित किया कि परीक्षाएं शांतिपूर्ण, पारदर्शी और अनुशासित वातावरण में संचालित हो रही हैं। निरीक्षण के दौरान बोर्ड अध्यक्ष ने विभिन्न परीक्षा कक्षों का अवलोकन किया और विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देते हुए देखा। उन्होंने परीक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और शिक्षकों से भी बातचीत की तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। इस अवसर पर डॉ. राजेश शर्मा ने परीक्षा केंद्र में उपस्थित विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों से भी मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा बोर्ड सभी विद्यार्थियों को समान अवसर देने और उनकी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को पारदर्शी, निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि विद्यार्थी बिना किसी दबाव के शांतिपूर्ण वातावरण में अपनी परीक्षा दे सकें।

Himachal Dastak 07-03-2026

# पोर्टमोर स्कूल में बोर्ड परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण

शिमला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने शुक्रवार को शिमला के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोर्टमोर में चल रही बोर्ड परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और परीक्षा संचालन पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान कक्षा 10वीं की हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित की जा रही थी। परीक्षा केंद्र में सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित और अनुशासित ढंग से संचालित होती पाई गईं। ड्यूटी पर तैनात शिक्षकों द्वारा परीक्षा का संचालन पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ किया जा रहा था। डॉ. राजेश शर्मा ने विद्यालय की प्रिंसिपल राखी पंडित और केंद्र अधीक्षक रमेश रनौत से भी बातचीत की। उन्होंने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण करने के साथ-साथ विद्यार्थियों से भी संवाद किया और परीक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि विद्यालय में परीक्षा का संचालन शांतिपूर्ण, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है, जो अन्य परीक्षा केंद्रों के लिए भी एक अच्छा उदाहरण है। उन्होंने विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को ईमानदारी और लगन के साथ परीक्षा देने के लिए प्रोत्साहित किया।



Divya Himachal

07-03-2026

# दसवीं संगीत और जमा दो अंग्रेजी की आंसर-की जारी



**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च-2026 में आयोजित की जा रही दसवीं और जमा दो की वार्षिक परीक्षाओं के अंतर्गत गुरुवार को हुए दसवीं कक्षा के संगीत और जमा दो कक्षा के अंग्रेजी विषयों की अस्थायी उत्तर कुंजियां बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई हैं। बोर्ड सचिव डा. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि परीक्षार्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इन उत्तर कुंजियों का मिलान कर सकते हैं।

डिजिटल अख़बार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज़
06 मार्च, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
पहली नजर
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नजर के साथ

## पोर्टमोर परीक्षा केंद्र का बोर्ड अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

# विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह

### ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व शिक्षकों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बोर्ड परीक्षाओं के दौरान शिमला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोर्टमोर स्थित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए यह सुनिश्चित किया कि परीक्षाएं शांतिपूर्ण, पारदर्शी और अनुशासित वातावरण में संचालित हो रही हैं।

निरीक्षण के दौरान बोर्ड अध्यक्ष ने विभिन्न परीक्षा कक्षों का अवलोकन किया और विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देते हुए देखा। उन्होंने परीक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और शिक्षकों से भी बातचीत की तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। इस अवसर पर डॉ. राजेश शर्मा ने परीक्षा केंद्र में उपस्थित विशेष आवश्यकता वाले (चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड्स) विद्यार्थियों से भी मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा बोर्ड सभी विद्यार्थियों को समान अवसर देने और उनकी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### शांतिपूर्ण वातावरण बनाने के लिए की व्यवस्थाएं

डॉक्टर राजेश शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को पारदर्शी, निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि विद्यार्थी बिना किसी दबाव के शांतिपूर्ण वातावरण में अपनी परीक्षा दे सकें।



The Sunny Times

# पोर्टमोर परीक्षा केंद्र का बोर्ड अध्यक्ष ने किया निरीक्षण, विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह

The Sunny Times

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बोर्ड परीक्षाओं के दौरान शिमला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोर्टमोर स्थित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए यह सुनिश्चित किया कि परीक्षाएं शांतिपूर्ण, पारदर्शी और अनुशासित वातावरण में संचालित हो रही हैं।



निरीक्षण के दौरान बोर्ड अध्यक्ष ने विभिन्न परीक्षा कक्षों का अवलोकन किया और विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देते हुए देखा। उन्होंने परीक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और शिक्षकों से भी बातचीत की तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

इस अवसर पर डॉ. राजेश शर्मा ने परीक्षा केंद्र में उपस्थित विशेष आवश्यकता वाले (Children with Special Needs) विद्यार्थियों से भी मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा बोर्ड सभी विद्यार्थियों को समान अवसर देने और उनकी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को पारदर्शी, निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि विद्यार्थी बिना किसी दबाव के शांतिपूर्ण वातावरण में अपनी परीक्षा दे सकें।